2/2015

**SA-II**

**विषय : हिन्दी**

**कक्षा : सातवीं**

**समयावधि : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**(खण्ड-क)**

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

संसार कर्मभूमि है। कर्म करना हम सबका धर्म है। कार्य में हमें सफलता कब मिलती है? सफलता तब मिलती है, जब हम परिश्रम करते हैं। जीवन में सफलता प्राप्त करने का साधन है - श्रम। कहते हैं कि जहाँ चाह, वहाँ राह। हमारी चाह बिना श्रम के राह नहीं बना सकती। इच्छाशक्ति भी आवश्यक है, लेकिन इच्छापूर्ति के लिए श्रम का बहुत महत्त्व है। श्रम उसका साधन है। आपने चींटी को देखा होगा। वह श्रम करके एक-एक दाना चुनती रहती है। अपने बिल में उनका संग्रह करती है। वर्षा के दिनों में दाना इकट्ठा करना कठिन होता है। चींटी अपने भंडार से भोजन प्राप्त करती है। चींटी का भोजन-भंडार किसकी देन है? निश्चय ही श्रम की देन है। उसकी मेहनत का ही फल है। विद्यार्थी का जीवन भी कर्मक्षेत्र है। कक्षा में कार्य होता है। गृह-कार्य भी उसे करना पड़ता है। खेल का मैदान भी उसका कर्म-स्थान है। अधिकांश बालक-बालिकाएँ चाहते हैं कि कक्षा में उत्तम कार्य करें। गृह-कार्य को भी समय पर निपटाने की उनकी इच्छा रहती है। खेल में भी अच्छा प्रदर्शन करने की इच्छा होती है। इन सभी इच्छाओं की पूर्ति केवल परिश्रम से ही संभव है। अतः परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।

(क) मनुष्य सफलता कैसे प्राप्त कर सकता है? (1)

(ख) चींटी के उदाहरण द्वारा लेखक क्या समझाना चाहते हैं? (2)

(ग) विद्यार्थी का जीवन कर्मक्षेत्र क्यों है? (1)

(घ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

प्र2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

सूरज नित्य लुटाता सोना, ऐसा देश हमारा है।<br>
चौदह रत्नों का अधिकारी, भारत सबसे न्यारा है ॥

यह ऋषियों का देश, जहाँ गुंजित वेदों की सद्वाणी।
कर्ण, दधीचि, हरिश्चंद्र से, हुए यहाँ अनुपम दानी ॥
धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र जहाँ, गीता की गूँज सुनाई थी।
नट नागर यदुकुल नंदन ने, मुरली मधुर बजाई थी ॥
धर्मयुद्ध कर राम-कृष्ण ने, भू का भार उतारा है।
चौदह रत्नों का अधिकारी, भारत सबसे न्यारा है ॥

बलिदानों की गौरव गाथा, यह इतिहास सुनाता है।
रंग दे वसंती चोला माँ, वीर भगत सिंह गाता है ॥
जिन वीरों ने जन्मभूमि पर, करी नित्य कुर्बानी है।
वीर शिवा मेवाड़ केसरी, वह झाँसी की रानी है ॥
अंग्रेज़ों को पड़ा भागना, जब गांधी ललकारा है।
चौदह रत्नों का अधिकारी, भारत सबसे न्यारा है ॥

(क) भारत में कौन-कौन से अनुपम दानी हुए? (2)

(ख) जन्मभूमि के लिए किस-किसने बलिदान दिया है? (2)

(ग) कवि ने भारत को सबसे न्यारा क्यों कहा है? (1)

## (खण्ड-ख)

प्र3. (क) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया रेखांकित कर कर्म के आधार पर भेद बताइए : (2)

(i) बच्चा ज़ोर से रो पड़ा।

(ii) रेखा ने फल खरीदे।

(ख) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द बनाइए : (1)

(i) राष्ट्र (ii) भीतर

(ग) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध करके पुनः लिखिए : (1)

कृपया यहाँ बैठने की कृपा करें।

(घ) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएँ - (2)

(i) मुँह में पानी आना

(ii) दिन-रात एक करना

प्र4. (क) निम्नलिखित वाक्य को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए : (1)

रमा भोजन करती है। (सामान्य भूतकाल)

(ख) निम्नलिखित रिक्तस्थानों की पूर्ति उचित संबंधबोधक अव्यय द्वारा कीजिए : (1)

(i) गंगा नदी वाराणसी ________________ बहती है।

(ii) रवि जंगल ________________ जा रहा था।

(ग) निम्नलिखित रिक्तस्थानों की पूर्ति उचित विस्मयादिबोधक अव्यय द्वारा कीजिए : (1)

(i) ________________ हम मैच जीत गए।

(ii) ________________ बेचारा मारा गया।

(घ) निम्नलिखित वाक्य में उचित स्थान पर विराम-चिह्न का प्रयोग कीजिए: (1)

समुद्र की उठती गिरती लहरें मन को भाती हैं

प्र5. (क) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्रिया-विशेषण का भेद बताइए :

(i) गीता <u>बहुत</u> बोलती है।

(ii) <u>भीतर</u> जाकर बैठो। (1)

(ख) 'योग' शब्द का प्रयोग दो वाक्यों में इस प्रकार कीजिए कि दोनों बार भिन्न अर्थ स्पष्ट हो। (2)

(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : (1)

(i) वीर (ii) रहित

(घ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक उचित शब्द लिखिए : (1)

(i) सौ वर्षों का समूह

(ii) जहाँ जाना कठिन हो

**(खण्ड-ग)**

प्र6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जागो बंसीवारे ललना।
जागो मोरे प्यारे।

रजनी बीती, भोर भया है, घर-घर खुले किंवारे।
गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे ॥
उठो लालजी! भोर भयो है, सुर-नर ठाढ़े द्वारे।
ग्वाल-बाल सब करत कुलाहल, जय-जय सबद उचारै ॥
माखन-रोटी हाथ महँ लीनी, गउवन के रखवारे।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयाँ को तारै ॥

(क) कौन, किसे जगाने का प्रयास कर रही है? (1)

(ख) जगाने के लिए क्या-क्या तर्क दिए जा रहे हैं? (2)

(ग) ग्वाल-बाल क्या कर रहे हैं? (1)

(घ) मीरा किसकी शरण में जाना चाहती हैं और क्यों? (1)

प्र7. (क) 'रहीम के दोहे' कविता की भाषागत विशेषताएँ बताइए। (2)

(ख) 'विप्लव गायन' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए। (2)

प्र8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

बड़े मियाँ के भाषण की तूफ़ान मेल के लिए कोई निश्चित स्टेशन नहीं है। सुननेवाला थककर जहाँ रोक दे वहीं स्टेशन मान लिया जाता है। इस तथ्य से परिचित होने के कारण ही मैंने बीच में उन्हें रोककर पूछा, "मोर के बच्चे हैं कहाँ?" बड़े मियाँ के हाथ के संकेत का अनुसरण करते हुए मेरी दृष्टि एक तार के छोटे-से पिंजड़े तक पहुँची जिसमें तीतरों के समान दो बच्चे बैठे थे। पिंजड़ा इतना संकीर्ण था कि वे पक्षी-शावक जाली के गोल फ्रेम में किसी जड़े चित्र जैसे लग रहे थे।

(क) बड़े मियाँ कौन थे? उनकी क्या आदत थी? (1)

(ख) लेखिका ने बड़े मियाँ से क्या पूछा? (1)

(ग) पक्षी-शावक कैसे लग रहे थे? (1)

प्र9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए : (3x2=6)

(क) कहानी 'दादी माँ' में दादी का स्वभाव कैसा था? आपको उनके स्वभाव का कौन-सा पक्ष सबसे अच्छा लगा?

(ख) कंचे जब जार से निकलकर अप्पू के मन की कल्पना में समा जाते हैं, तब उसके साथ क्या होता है?

प्र10. (क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ बताइए : (2)

संकीर्ण, ज्वर, स्पर्श, विलंब

(ख) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : (2)

विश्वास, सम्पति

प्र11. पाठ 'नीलकंठ' में लेखिका का पशु-पक्षियों के प्रति कैसा दृष्टिकोण है? क्या आप भी पशु-पक्षियों से लगाव रखते हैं? आप उनकी सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाएँगे? (3)

अथवा

'रहीम के दोहे' में रहीम जी ने कहा है कि मनुष्य को धरती के समान सहनशील बनना चाहिए। आपके विचार में सहनशीलता का गुण मनुष्य का किस प्रकार सहायक बन सकता है तथा उसे लाभ पहुँचा सकता है?

प्र12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : (2x3=6)

(क) पारू ने बोलना क्यों बंद कर दिया था?

(ख) अम्मा ने चिड़िया का नाम क्या रखा और क्यों?

(ग) सारस पंछी को देखकर अम्मा क्यों डर गई ?

प्र13. कहानी 'श्रीमान और श्रीमती लंबूजी' में राकेश को चुप कराने के लिए सारस ने क्या किया? इस घटना से वन्य-प्राणियों के स्वभाव की किस विशेषता का पता चलता है? आप भी इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

अथवा

अम्मा के रास्ता भटकने पर लाली ने उनकी रास्ता दिखाकर मदद की थी। क्या आपके जीवन में भी कोई ऐसी घटना घटी जिसमें किसी पशु-पक्षी के कारण आपको सहायता मिली हो, अपने अनुभव के आधार पर लिखिए। (4)

**(खण्ड-घ)**

प्र14. एक दुकानदार और ग्राहक के बीच किसी सामान की वापसी को लेकर जो बातचीत हुई, उसे संवाद के रूप में लिखिए। (4)

प्र15. नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और उस पर 20-30 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (3)



प्र16. गर्मी में तन और मन को ठंडा रखने वाले शर्बत का आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

प्र17. आपके विद्यालय में 'स्वच्छ विद्यालय - स्वच्छ भारत' अभियान के अंतर्गत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन सबकी जानकारी देते हुए अपने मामाजी को पत्र लिखिए।

अथवा

अपने क्षेत्र में खाली पड़ी जमीन में एक पार्क विकसित करने के लिए नगर निगम अधिकारी को एक पत्र लिखिए। (5)

प्र18. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए। (5)

(क) दिल्ली में बढ़ती यातायात समस्या

(ख) कंप्यूटर : आज के युग की आवश्यकता

(ग) विज्ञापनों का जादू